ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 59 ]
Total No. of Questions : 59 ]

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

**Code No. : 06-H**

**D**

**CCE PR**
**UNREVISED**
**REDUCED SYLLABUS**
**NSR & NSPR**

**Question Paper Serial No. 813**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**(ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. & ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**(Private Repeater / NSR & NSPR)**

ದಿನಾಂಕ : 12. 06. 2023 ] [ Date : 12. 06. 2023

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125 ] [ Max. Marks : 125

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 59 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं। उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए । 10 × 1 = 10**

1. 'समर्थ' शब्द का विलोम रूप है –

(A) ससमर्थ (B) असमर्थ

(C) अमात्य (D) अनर्थ ।

2. 'गायक' शब्द का अन्य लिंग रूप है –

(A) गायकी (B) गायन

(C) गायिका (D) गीत

3. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) नचाना (B) सीखना

(C) लिखना (D) चलना ।

4. 'पैसा' शब्द का अन्य वचन रूप है –

(A) सिक्का (B) रुपया

(C) धन (D) पैसे ।

5. निम्नलिखित में से 'वतन' शब्द का पर्यायवाची रूप है –

(A) स्वदेश (B) विदेश

(C) अन्यदेश (D) परदेश ।

6. 'नाक काटना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) भाग जाना (B) नींद आना

(C) अपमान करना (D) तैयार रहना ।

7. निम्नलिखित में से उपसर्ग युक्त शब्द है –

(A) लिखाइ (B) निष्कपट

(C) समान (D) गरम ।

8. निम्नलिखित में से भाववाचक संज्ञा रूप है –

(A) लड़का (B) मानव

(C) जवान (D) मिठास ।

9. पेड़ .................. पत्ता गिरा । रिक्त स्थान के लिए उचित कारक चिह्न है –

(A) पर (B) में

(C) से (D) को ।

10. 'राम <u>अच्छा</u> लड़का है' । रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से है –

(A) संज्ञा (B) विशेषण

(C) क्रिया-विशेषण (D) सर्वनाम ।

**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए ।**

**5 × 1 = 5**

11. राजकुमार : तत्पुरुष समास :: दिन-रात : ...................................... ।

12. पुरुषोत्तम : गुण संधि :: इत्यादि : .................................... ।

13. जो अभिनय करता है : अभिनेता :: जो पढ़ा-लिखा न हो : ................... ।

14. मैं जाता हूँ : वर्तमान काल :: मैं जाऊँगा : ............................ ।

15. दिन : दैनिक :: समाज : ............................ ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए । 8 × 1 = 8**

16. रुपया लड़कों के लिए क्या है ?

17. गाँधीजी को दक्षिण अफ्रीका क्यों जाना पड़ा ?

18. मन्नु भंडारी जी के पिता को किस कार्य से अजमेर आना पड़ा ?

19. रूसी युवतियाँ कैसे दिखाई दे रही थीं ?

20. नवीन जी के अनुसार किस रोग का विध्वंस करना है ?

21. कवि उधार देने से क्यों डरता है ?

22. मनुष्य किसके सहारे सफलता पा सकता है ?

23. राष्ट्रपति ने विदेशी विद्वान को क्यों बुलाया ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दा या तीन वाक्यों में लिखिए । 15 × 2 = 30**

24. गाँधीजी के परिवार का परिचय दीजिए ।

25. रुपया ठाकुर जी से बड़ा है । कैसे ?

26. फैशन प्रिय विद्यार्थी जीवन में वेंकट रावजी का आचरण कैसा था ?

27. ट्रेन में बोरिस का व्यवहार कैसा था ?

28. कवि ने सवेरे उठते ही क्या-क्या देखा ?

29. नवीन जी के अनुसार जग का नवनिर्माण कैसे करें ?

30. परिश्रम करनेवाले क्या-क्या कर सकते हैं ?

31. अलादीन का चिराग के बारे में लिखिए ।

32. मनोवांछित फल कैसे प्राप्त कर सकते हैं ?

33. 'परिश्रम सफलता की कुंजी है' कैसे ?

34. एशिया के एक प्रसिद्ध जीवन शास्त्री ने जिंदगी के बारे में क्या कहा है ?

35. पाठ के आधार पर सैनिकों के निजी जीवन के बारे में अपने विचार लिखिए ।

36. नवीन जी किस बात का वर्णन नहीं करना चाहते हैं ?

37. मानव लेना जानता है । देना उसको प्रकृति नहीं, क्यों ?

38. पाठ के आधार पर मनुष्य की आकांक्षा कैसे पूर्ण होती है ?

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए ।** **2 × 3 = 6**

39. जैनेंद्र

40. वृंद ।

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए ।** **3**

41. मधुर वचन ते जात मिट, उत्तम जन अभिमान ।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए ।** **3**

42. कंकन किंकिनि नुपूर बाजाहिं ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।** **4 × 3 = 12**

43. ''लंका सीता की रुष्टि-तुष्टि से नहीं बल्कि मेरी रुष्टि-तुष्टि से जली थी ।''

44. ''आप लोग असुर की कविता तो सुन ही चुके, अब ससुर की कविता सुनिए ।''

45. ''मर अभागे, तू मुझे और क्या-क्या दिखाएगा ।''

46. ''मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना ।''

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए ।** **6 × 3 = 18**

47. कर्नाटक विद्यावर्धक संघ की प्रगति में वेंकटराव जी के योगदान के बारे में लिखिए ।

48. शीला अग्रवाल ने मन्नूजी को साहित्य की ओर कैसे आकृष्ट किया ? समझाइए ।

49. कबीर के अनुसार साधु को कैसे होना चाहिए ?

50. पुरुषोत्तम भोजन की तैयारियाँ कैसे करते हैं ?

51. गाँधीजी द्वारा चलाए गये आंदोलनों में सत्याग्रह का महत्व समझाइए ।

52. 'सारे जहाँ से अच्छा' कविता का सार लिखिए ।

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** **4**

53. जग में सुख ..........................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..................................................................... को गले लगाना ।

**अथवा**

पैदा कर जिस ......................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..................................................................... स्वजीवन सारा ।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए ।** **4**

54. अज्ञानियों से स्नेह करना

मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है ।

ज्ञानियों का संग करना,

मानों दही मथकर माखन पाना है

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

तुम्हारे भक्तों का संग करना

मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है ।

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न है,

प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं,

शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,

सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

मेरा आत्म-सखा तू ही है ।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ-दस वाक्यों में लिखिए ।** **2 × 4 = 8**

55. व्यवस्था में परिवर्तन कैसे किया जा सकता है ? कहानी के आधार पर विवरण दीजिए ।

**अथवा**

प्रामाणिकता सदाचार का प्रथम सोपान है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

56. सेठ गोविन्द दास की राय में सच्चा धर्म क्या है ? वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

पुरुषोत्तम के चरित्र पर प्रकाश डालिए ।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **2 × 2 = 4**

57. महात्मा गाँधी ने सत्य की शक्ति से ही विदेशी शासन को झकझोर दिया । उनका कथन है – 'सत्य एक विशाल वृक्ष है । उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं । उनका अंत नहीं होता ।' सत्य बोलने की आदत बचपन से ही डालनी चाहिए । कभी-कभी झूठ बोल देने से कुछ क्षणिक लाभ अवश्य होता है, पर उससे अधिक हानि ही होती है । क्षणिक लाभ विकास के मार्ग के लिए बाधा बन जाता है । व्यक्तित्व कुंठित होता है । झूठ बोलनेवाले से लोगों का विश्वास उठ जाता है । उनकी उन्नति के द्वार बंद हो जाते हैं ।

a) महात्मा गाँधी का सत्य को शक्ति के बारे में क्या कथन है ?

b) झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ?

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए ।** **5**

58. कोई कारण बताते हुए चार दिनों की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

पढ़ाई के महत्व को बताते हुए अपने छोटे भाई के नाम पत्र लिखिए ।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 15-20 वाक्यों में निबंध लिखिए ।**

**1 × 5 = 5**

59. i) 75वाँ स्वतंत्रता दिवस

ii) समाचार पत्र ।